## आकाशवाणी शिमला
## 13.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार**

- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला ज़िला के कुपवी में 81 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण।**
- **राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने महिलाओं से नशे के खिलाफ एकजुट होकर काम करने का किया आहवान।**
- **लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सीआरआईएफ के तहत 3 सौ 50 करोड़ रुपये मंजूर करने के लिए केंद्र का जताया आभार।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र की अवधि बढ़ाने की सरकार से की मांग।**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला जिला के कुपवी में 81 करोड़ से अधिक लागत की विकासात्मक परियोजनाएं लोगों को समर्पित कीं। बाद में कुपवी में आयोजित समारोह के दौरान क्षेत्र की महिलाओं को 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख– सम्मान निधि योजना' के अंतर्गत 2 हजार एक सौ 71 पात्र महिलाओं को 97 लाख 69 हजार 5 सौ रुपये की राशि वितरित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय से कार्य कर रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कठिन क्षेत्र होने के कारण कुपवी क्षेत्र में सुख सम्मान निधि योजना' के नियमों में परिवर्तन कर नौकरी करने वाली महिलाओं के अलावा यहां सभी महिलाओं को 1500 सौ रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कुपवी में आईटीआई खोलने और क्षेत्र में समुचित चिकित्सकों की तैनाती का आश्वासन दिया। समारोह में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने भी लोगों को संबोधित किया।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रेडक्रॉस स्वयंसेवकों और महिलाओं से नशे के खिलाफ एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं, विशेषकर छात्राओं को नशे के खिलाफ लड़ाई में आगे आना चाहिए। वे आज नालागढ़ में आयोजित जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले के उद्घाटन समारोह के दौरान बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि को नशामुक्त बनाने की जरूरत है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हिमाचल में बढ़ती नशे की लत पर चिंता जताई है और इस दिशा में कार्य करने को कहा है। उन्होंने लोगों से रेडक्रॉस से जुड़ने का आग्रह किया ताकि वंचितों को सहायता प्रदान करने के लिए मानवीय गतिविधियां चलाई जा सकें।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने उना जिले के रामपुर में राज्य अनुसूचित जाति आयोग के कार्यालय का आज उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आयोग का कार्यालय खुलने से वंचितों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि राजधानी शिमला में स्थान की कमी वजह से कुछ कार्यालयों को अन्य ज़िलों में स्थानातंरित किया जा रहा है। उप–मुख्यमंत्री ने उना जिले में अवैध खनन चिट्टा और पेड़ कटान पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार युवा हितैषी है और विभिन्न पदों के लंबित परीक्षा परिणाम एक महीने के भीतर घोषित कर दिए जाएंगे।

**चंद्र कुमार**

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने आज दो दिवसीय इंदौरा उत्सव का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्सव हमारी संस्कृति का जीवंत रूप है जो रीति–रिवाजों और परम्पराओं व लोक कला को जीवित रखते हैं। इस दौरान कृषि मंत्री ने नशे के खिलाफ जागरूकता मैराथन को भी हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उत्सव में लगाई गई विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन करने के बाद उन्होंने रक्तदान शिविर का भी शुभारम्भ किया।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने सीआरआईएफ के तहत 3 सौ 50 करोड़ रुपये मंजूर करने के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार जताया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ये धनराशि प्रदेश में सड़क सम्पर्क में सुधार और राज्य की आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने में मददगार साबित होगी। लोक निर्माण मंत्री ने भुभूजोत में सुरंग के साथ घटासनी, शिल्हा– बधानी– भुभूजोत–कुल्लू तक एक वैकल्पिक सड़क बनाने और भारत सेतु परियोजना के तहत कांगड़ा व हमीरपुर ज़िलों को जोड़ने वाले बसंतीपतन व खीरी के बीच ब्यास नदी पर एक सौ 25 करोड़ 57 लाख रुपये के डबल लेन पुल के निर्माण को स्वीकृति देने का आग्रह किया। नितिन गडकरी ने राज्य को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सुक्खू सरकार प्रदेश के मुद्दों पर बात नहीं करना चाहती है, इसलिए विधानसभा का सत्र महज चार दिन का रखा है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के समय बढ़ाए जाने की सरकार से मांग की है, ताकि इसमें जनता से जुड़े मुद्दों पर बात हो सके। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री की व्यवस्ताओं के कारण और सिर्फ कोरम पूरा करने के लिए विधानसभा सत्र आयोजित करना निंदनीय है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में सरकार की नाकामियों की वजह से मुद्दों की भरमार है और हर वर्ग सरकार की झूठी गारंटियों के कारण ठगा महसूस कर रहे हैं।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने भाजपा द्वारा राज्यपाल को सौंपे गए कांग्रेस सरकार के 18 घोटालों के कच्चे चिट्ठे पर कहा है कि चार्जशीट बनाना भाजपा की पुरानी आदत है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा की चार्जशीट पर कभी भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**सिकंदर कुमार**

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन मंत्रालय ने देश में 5 हजार 2 सौ 87 करोड़ 90 लाख रुपये की 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। सांसद सिकंदर कुमार द्वारा आज राज्य सभा में हिमाचल में ग्रामीण पर्यटन पार्क की स्थापना से संबंधित पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं में से हिमाचल प्रदेश की 63 करोड़ 34 लाख रुपये की एक परियोजना शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि स्वदेश दर्शन योजना दो के तहत हिमाचल प्रदेश में पौंग बांध को गंतव्य के रूप में चिन्हित किया गया है। गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि स्वदेश दर्शन योजना–2 की चुनौती आधारित गंतव्य विकास उपयोजना के तहत काजा रकछम और छितकुल को चिन्हित किया गया है। सिकंदर कुमार के एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया कि मंत्रालय ने 2024–25 के दौरान हिमाचल के लिए केंद्रीय प्रायोजित योजना वन्य जीव पर्यावासों के एकीकृत विकास के तहत वन्य जीवों के संरक्षण के लिए 7 करोड़ 66 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है।

**बिट्टू**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने आज हमीरपुर में अपने निजी आवास के परिसर के साथ ही अपने कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को बखूबी निभाने और लोगों के साथ सीधा संवाद बनाकर उनकी समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए ही यह कार्यालय स्थापित किया गया है। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार का दो साल का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में राज्य की कांग्रेस सरकार किसानों, बागवानों, महिलाओं व युवाओं सहित समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से हिमाचल निराश्रित बच्चों की उचित देखभाल व शिक्षा के लिए कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य बना है। इस बीच उन्होंने नेताजी सुभाष समारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरा के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला ज़िला के कुपवी में 81 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण।**
- **राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने महिलाओं से नशे के खिलाफ एकजुट होकर काम करने का किया आहवान।**
- **लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सीआरआईएफ के तहत 3 सौ 50 करोड़ रुपये मंजूर करने के लिए केंद्र का जताया आभार।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र की अवधि बढ़ाने की सरकार से की मांग।**

..................

**13.12.2024/1945बजे/रितेश/राज/राजेश/पुष्पा**
**इंदु गोस्वामी ———————**

केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने कहा है कि राष्ट्रीय जल विद्युत निगम द्वारा विकसित की जा रही 8 सौ मैगावाट क्षमता की पार्वती जल विद्युत परियोजना के दूसरे चरण का कार्य मार्च 2025 में पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने संसद में सांसद इंदु गोस्वामी के सवाल के जवाब में ये जानकारी दी। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि इस परियोजना में आंशिक रूप से विद्युत उत्पादन सितम्बर 2018 से शुरू हो गया है और अब तक परियोजना से एक हजार एक सौ 29 मिलियन यूनिट ऊर्जा का उत्पादन किया जा चुका है। इस बीच सांसद इंदु गोस्वामी के एक अन्य सवाल के जवाब में केन्द्रीय पर्यावरण व वन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह बताया कि हिमाचल सरकार द्वारा प्रदान की गई वार्षिक योजना के तहत केन्द्र सरकार ने सिरमौर जिला में स्थानीय नागरिकों को हाथियों के उपद्रव से बचाने के लिए प्रोजेक्ट टाइगर और एलीफैंट के अन्तर्गत वर्ष 2023—24 के दौरान 19 लाख 61 हजार रूपये की केंद्रीय सहायता प्रदान की।

प्रैनो/

**13.12.2024/1945बजे/रितेश/राज/राजेश/पुष्पा**
**राजीव भारद्वाज———————**

केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने ऊना जिला में प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ चिन्तपूर्णी मन्दिर को प्रशाद योजना के तहत धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए चुना है। लोकसभा में सांसद राजीव भारद्वाज के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि योजना के तहत माँ चिन्तपूर्णी मन्दिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर ढांचा विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक स्थल के सम्पूर्ण विकास के लिए राज्य सरकार ने केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय को अभी तक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट नहीं सौंपी है। राजीव भारद्वाज के एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि युवा सहकार योजना के तहत हिमाचल प्रदेश की किसी भी सहकारी समिति का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

प्रैनो/

**13.12.2024/1945बजे/रितेश/राज/राजेश/पुष्पा**
**रोहित ठाकुर--------**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने देव संस्कृति संस्कारों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। वे आज जुब्बल उपमंडल के विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरोट के भवन का उदघाटन करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने युवाओं से बदलते परिवेश में नई शिक्षा पद्धति ग्रहण करने का आहवान किया।

प्रैनो/

ताजा समाचारों के लिए आप हमारे फेसबुक पेज ऑल इंडिया रेडियो न्यूज शिमला, एक्सहैंडल एट.द.रेट ए.आई.आर न्यूज अंडरस्कोर शिमला और यू ट्यूब चैनल ए.आई.आर शिमला न्यूज पर लॉगिन कर सकते हैं।

बाकी समाचार अंतराल के बाद...............

**13.12.2024 / 1945बजे / रितेश / राज / राजेश / पुष्पा**
**विधानसभा अध्यक्ष——————**

प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक धर्मशाला के तपोवन में आयोजित किया जाएगा। सत्र को लेकर सभी तैयारियां की जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां 16 दिसम्बर को विधानसभा परिसर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे परिसर में चल रहे मुरम्मत कार्यो का निरिक्षण करेंगे और जिला प्रशासन द्वारा शीतकालीन सत्र के लिए  की जा रही सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लेंगे। विधानसभा के एक प्रवक्ता ने बताया कि ई–विधान प्रणाली के बन्द होने के कारण इस बार विधानसभा सचिवालय तपोवन में प्रवेश पास ऑनलाईन के बजाय ऑफ लाईन ही बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि तपोवन स्थित विधानसभा सचिवालय कार्यालय 14 व 15 दिसम्बर को खुला रहेगा और इस दौरान प्रवेश पत्र बनाने का कार्य सुचारू रूप से  चलता रहेगा।

प्रैनो/

**13.12.2024 / 1945बजे / रितेश / राज / राजेश / पुष्पा**

**बैठक———————**

मंडी ज़िला में इस वित्त वर्ष में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर  एक सौ 82 करोड़ 59 लाख 48 हजार चार सौ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। विधायक व जिला कल्याण समिति के अध्यक्ष चन्द्रशेखर ने आज मंडी में आयोजित समिति की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंडी जिला में इस वर्ष तीसरी तिमाही तक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 4 हजार 7 सौ 54 नए मामले स्वीकृत किए गए हैं।

प्रैनो /